18 अक्टूबर 2009 सहयोग राशि रु. 100/- वार्षिक अंक-400

☎ : 05947-252841

# पायनियर चेतना

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com, website : www.internationalpioneers.com

(नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल) सह सम्पादक : पाय0 महावीर वर्मा 'मधुर' (अवैतनिक)

(अवैतनिक) सम्पादक - संजीव शर्मा, रामनगर (नैनीताल) पाय0 एल0 सी0 अरोड़ा (अवैतनिक)

**Pioneerism, A commitment to Humanity**

## पायनियर्स का 40 वां राष्ट्रीय सम्मेलन ढिकुली (उत्तराखण्ड) में सम्पन्न

- **मुरादाबाद के एलसी अरोड़ा के नेतृत्व में राष्ट्रीय कार्यकारिणी को उत्तराखण्ड के शिक्षा मंत्री ने शपथ दिलाई**
- **सरकारी योगदान के बिना सामाजिक कार्यो के लिए पायनियर्स को बधाई - गोविन्द सिंह बिष्ट (शिक्षा मंत्री)**
- **इण्टरनेशनल पायनियर्स का अन्तराष्ट्रीय मुख्यालय रामनगर में है इससे शिक्षामंत्री गौरव अनुभव करते हैं**




नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते उत्तराखण्ड के शिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह बिष्ट




40वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करते शिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह बिष्ट

**रामनगर।** इण्टरनेशनल पायनियर्स के 40वें राष्ट्रीय सम्मेलन में नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरादाबाद के एलसी अरोड़ा के नेतृत्व में राष्ट्रीय कार्यकारिणी को शपथ दिलाते हुए उत्तराखण्ड के शिक्षा राज्यमंत्री गोविन्दसिंह बिष्ट ने मानवता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा बताया।

उन्होंने कहा कि पायनियर्स क्लब की विभिन्न शाखाओं द्वारा जिस प्रकार पीड़ित मानवता की सेवा की जा रही है उससे अन्य समाज सेवी संगठनों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि उन्हें सहसा विश्वास ही नहीं हुआ कि इतनी बड़ी संस्था का अन्तराष्ट्रीय मुख्यालय उत्तराखण्ड राज्य में है।

सरकार केवल आर्थिक मदद दे सकती है समाज को समाजसेवियों द्वारा ठीक किया जा सकता है। समाज में समाज सेवी संस्था के कार्यो को नकारा नहीं जा सकता। सरकार के योगदान के बिना भी इण्टरनेशनल पायनियर्स ने अतने बड़े-बड़े सामाजिक कार्य कर दिये इसके लिए उन्हें कोटि-कोटि बधाई।

समाज सेवी देश के विकास में सरकार के समानान्तर कार्य करते हैं समाज उनकी भूमिका को नकार नहीं सकता। ध्येय अगर अड़िग है तो सबका सहयोग मिलेगा ही।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में उनके शपथ लेने के उपरान्त विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति हो गयी है। विद्यालय पूर्ण समय लगते है। छात्रों में अनुशासन बढ़ा है। वह जहां अनुशासनहीन शिक्षकों दण्डित कर रहे हैं वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों पुरूस्कृत व सम्मानित भी कर रहे हैं। उन्हें श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुरूस्कार देंगें। उत्तराखण्ड की पटरी से उतरी शिक्षा व्यवस्था को निरन्तर सुधारने का प्रयत्न कर रहे हैं।

उन्होंने समस्त पायनियर्स को उत्कृष्ट कार्यो के लिए बधाईयां देते हुए कहा कि यह संस्था फले-फूले यह उनकी कामना है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली पायनियर्स क्लब की शाखाओं तथा सदस्यों को पुरस्कृत किया।

रामनगर के रघुनन्दन लखोटिया को कुष्ठ आश्रम बनवाने तथा उसकी देखभाल के लिए **''मानव सेवा पुरस्कार''** से सम्मानित किया। उनकी अनुपस्थिति में यह पुरस्कार पाय. मधुर किशोर अग्रवाल ने ग्रहण किया।

पायनियर्स क्लब कर्वी चित्रकूट सर्वश्रेष्ठ शाखा पायनियर्स क्लब मुरादाबाद सर्वाधिक क्रियाशील शाखा, सबसे अधिक सदस्यों के साथ अधिवेशन में आने के लिए चित्रकूट पायनियर्स को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामनगर पायनियर्स क्लब के संजीव शर्मा ने किया। कार्यक्रम अध्यक्षता रामनगर के लोकप्रिय विधायक एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री दीवान सिंह बिष्ट ने की। उन्होंने कहा कि समाज की कुरितियों को दूर करने के लिये समाज के सभी वर्ग को आगे आना चाहिए।

*शेष पृष्ठ 2 पर...*

पृष्ठ 1 का शेष...

# पायनियर्स का 40 वां राष्ट्रीय सम्मेलन ढिकुली (उत्तराखण्ड) में सम्पन्न

पायनियर्स के संस्थापक संतोष मेहरोत्रा ने सभी पायनियर्स को संस्था के 40 वर्ष पूर्ण करने की बधाई दी। उन्होंने युवाओं से आगे आने का अनुरोध किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव प्रसाद शिवहरे के नेतृत्व में अधिवेशन का सफल आयोजन हुआ।

नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष एलसी अरोड़ा मुरादाबाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल शर्मा हापुड़, केपी सिंह गाजियाबाद, महासचिव डा. घनेश्वरी घिल्डियाल रामनगर, उपमहासचिव अनिल वाजपेयी हापुड़, कोषाध्यक्ष बीडी पाण्डे रामनगर, राष्ट्रीय सचिव एमसी गुप्ता मुरादाबाद, जनसम्पर्क अधिकारी पेके बाली मुरादाबाद, जोन चेयरमैन शारदा प्रसाद गुप्ता चित्रकूट, सलिल गुप्ता रामनगर, अनिल सेवाल हापुड़, अध्यक्ष पर्यावरण संरक्षक अंशुल शर्मा मुरादाबाद, अध्यक्ष महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम श्रीमती अराधना वाजपेयी, अध्यक्ष यूथ पायनियर्स कार्यक्रम अरूण यादव हापुड़, निर्वाचित किये गये।

## 60 से अधिक प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भागीदारी की

सम्मेलन के प्रारम्भ में प्रातः 4.30 पर दिल्ली ट्रेन से पहुंचे गाजियाबाद के पाय. केपी सिंह एवं पाय. अरविन्द तोमर के आगमन से हुआ उन्हें रामनगर पायनियर्स क्लब के अध्यक्ष डा. के.के. अग्रवाल एवं सचिव पाय. राकेश अग्रवाल स्टेशन से रिसीव करने पहुंचे।

प्रातः 10 बजे से खत्री सभा रामनगर में प्रतिनिधियों का आगमन प्रारम्भ हुआ तथा 11 बजे अधिकांश प्रतिनिधि खत्री सभा पहुंच गये। प्रतिनिधियों का पंजीकरण तनु चड्ढा, श्रीमती सुधा मेहरोत्रा, शकुंतला नेगी, सुमन अग्रवाल, मनीष वर्मा, बीडी पाण्डे, विनोद सक्सेना, सलिल गुप्ता (संयोजक) तथा उनकी टीम द्वारा किया गया उसमें महिला पायनियर्स क्लब रामनगर की अनेक सदस्यों द्वारा स्वागत व्यवस्था की गयी थी। सभी प्रतिनिधियों ने खत्री सभा में स्वल्पाहार की व्यवस्था का भरपूर आनन्द उठाया। राजा चड्ढा तथा डा. अनुराग के नेतृत्व में रामनगर से सभी सदस्य स्वल्पाहार गरमागरम परोसने में लगे रहे। प्रतिनिधियों ने रामनगर से 11.30 पर कारों के काफिले के रूप में वाइल्ड क्रेस्ट रिसोर्ट पहुंचे। वहां की सारी व्यवस्था में डा. के.के. अग्रवाल के नेतृत्व में संजीव शर्मा, राकेश अग्रवाल, अरविन्द सिंघल तथा उनकी टीमें ने भी की। प्रचार की व्यवस्था इन्जीनियर एमएस नेगी तथा उनकी टीम द्वारा की गयी थी।

वाइल्ड क्रेस्ट रिसोर्ट पहुंचने पर प्रतिनिधियों ने स्वल्पाहार का आनन्द लिया लगभग 12 बजे अधिवेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव प्रसाद शिवहरे के नेतृत्व में तथा संजीव शर्मा के संचालन में प्रारम्भ हुआ।

उपस्थित शाखाओं ने अपना वार्षिक विवरण प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बीडी पाण्डे ने आय व्यय विवरण प्रस्तुत किया तथा उसे पारित किया गया।

अधिवेशन शुल्क 200/- प्रति सदस्य लगाये जाने के प्रस्ताव काफी विचार विमर्श के बाद स्वीकार किया गया।

आजीवन सदस्यों पर क्रियाशीलता शुल्क 100/- समाप्त कर प्रत्येक सदस्य पर पायनियर चेतना का 100/- शुल्क पारित किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव प्रसाद शिवहरे के निर्देशन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सर्वसम्मत निर्वाचन किया गया।

लगभग 2 बजे सभी प्रतिनिधियों ने वाइल्ड क्रेस्ट रिसोर्ट के लजीज भोजन का आनन्द उठाया। सभी प्रतिनिधि कार्बेट पार्क के इलाके बने इस भव्य रिसोर्ट की सुंदरता तथा इसके स्टॉफ द्वारा की गयी आवभगत से अत्यन्त प्रभावित हुए। सायं 5 बजे अधिवेशन पुनः प्रारम्भ हुआ। परन्तु अत्यधिक तीव्र वर्षा के वेग ने उसमें रूकावट डाली शिक्षा मंत्री रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। लगभग 1 घण्टे बाद वर्षा रूकने पर ही शिक्षा मंत्री अधिवेशन स्थल पर आ सके।

इस दौरान सदस्यों ने हापुड़ साहित्य लोक कला मंच के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत काव्य पाठ का आनन्द लिया। अनिल वाजपेयी की कविताओं के विशेष रूप से सराहा गया।

नगर के गणमान्य पत्रकार गणेश रावत, राष्ट्रीय सहारा, राजीव अग्रवाल (उत्तर उजाला), इन्द्रमोहन सिंह (गढ़वाल पोस्ट), खुशाल रावत (इण्डिया न्यूज), विनोद पपनै (दैनिक जागरण) को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

रामनगर पायनियर्स क्लब के सदस्यों की एकजुटता तथा टीम भावना के सबने तारिफ की। राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव प्रसाद शिवहरे तथा महासचिव संतोष मेहरोत्रा ने सभी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि शिक्षा राज्यमंत्री गोविन्द सिंह बिष्ट, सभा अध्यक्ष विधायक दीवान सिंह बिष्ट रामनगर के नगर भाजपा अध्यक्ष मदन माहेश्वरी, जिला पंचायत सदस्य वचन सिंह बिष्ट को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय गान के उपरान्त अधिवेशन की समाप्ति पर सभी प्रतिनिधि ने वाइल्ड क्रेस्ट रिसोर्ट में गरमागरम फलौरी, पकौड़ी, पेस्ट्री तथा अन्य व्यंजनों का चाय के साथ आनन्द लिया।

नव निर्वाचित महासचिव डा. धनेश्वरी घिल्डियाल तथा हरीश घिल्डियाल सभी प्रतिनिधियो की आवभगत में लगे रहे।

आगामी अधिवेशन मुरादाबाद पायनियर्स द्वारा आयोजित किये जाने का संकल्प पारित हुआ।

प्रत्येक सदस्य को माँ गर्जिया देवी की फोटो स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। लेपिन पिन पर माँ गर्जिया देवी का फोटो बना था। सभी सदस्य इस उपहार से बहुत प्रफुल्लित थे।

सभी सदस्य राष्ट्रीय अधिवेशन की व्यवस्थाओं से बहुत संतुष्ट हुए।

### रामनगर के रघुनन्दन लखौटिया मानव सेवा पुरूस्कार से सम्मानित



40वें राष्ट्रीय अधिवेशन में रामनगर के रघुनन्दन लखौटिया को रामनगर का कुष्ठ आश्रम निर्माण रखरखाव कुष्ठ रोगियों की निरन्तर देखभाल तथ कुष्ठ आश्रम की उचित देखभाल के लिये पायनियर्स के राष्ट्रीय पुरस्कार 'मानव सेवा पुरस्कार' से नवाजा गया। उनकी अनुपस्थिति में पायनियर मधुर किशोर ने उक्त पुरस्कार गृहण किया।

इससे पूर्व यह पुरस्कार रामनगर के ठाकुरदत्त जोशी को अपने जान की परवाह न करते हुए भी अनेक आदमखोर शेरों के शिकार के लिए तथा नैनीताल के चन्द्रलाल शाह को नैनीताल माउण्टेनिंग क्लब की स्थापना के लिए लाइफटाइम पुरस्कार प्रदान किया गया।

# 40 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी

**राष्ट्रीय अध्यक्ष** - पाय. एल.सी.अरोडा (284)
118, आजाद नगर, रेलवे हरथला कालोनी, मुरादाबाद
फोन : 0591-3101698, मो. : 9319747969
**निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष**-पाय. केशव प्रसाद शिवहरे
शंकर बाजार, कर्वी, चित्रकूट, मो. : 9415437860
**राष्ट्रीय उपाध्यक्ष** - पाय. अतुल शर्मा
58, मोदी सुपर मार्केट, स्वर्ग आश्रम रोड, हापुड़-245101
फोन : 0122-2313591, 2337283, मो. : 9837036572
**राष्ट्रीय उपाध्यक्ष** - पाय. के.पी.सिंह
वकील चेम्बर 653, सिविल कोर्ट, गाजियाबाद-201002
फोन : 0120-2824288, मो. : 9810198281
**राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष** - पाय. बी.डी. पाण्डे
हनुमान गढ़ी, कोसी रोड, रामनगर (नैनीताल) मो. : 9411537351
**महासचिव** - पाय. डा. धनेश्वरी घिन्डियाल
रानीखेत रोड, लखनपुर, रामनगर (नैनीताल), मो0 : 9837077065
**राष्ट्रीय सचिव** - पाय. एम.सी. गुप्ता
ब्लाक-ए, लाइन नं. 3, गोविन्द नगर मुरादाबाद
मो. : 9412552564
**उप महासचिव** - पाय. अनिल वाजपेयी
114 जवाहर गंज, हापुड़
फोन : 0122-2311507, मो. : 98376877824
**जन सम्पर्क अधिकारी** - पाय. जे.के. बाली
99 आजाद नगर, रेलवे हरथला कालोनी, मुरादाबाद, मो. : 9412635296
**जोन चेयरमैन** - पाय. शारदा प्रसाद गुप्ता
गणेश प्रसाद देवी दीन क्लाथ मर्चेन्ट, कर्वी, चित्रकूट-210205
पाय. अनिल सेवाल
118 आर्य नगर, हापुड़, मो. : 9837004625
पाय. सलिल गुप्ता सी.ए., कोसी रोड, रामनगर (नैनीताल) मो. : 9837066279
**अध्यक्ष पर्यावरण सरंक्षण कार्यक्रम**-पाय. अंशुल शर्मा
4 बी.-364, बुद्धि विहार, आवास विकास कालोनी, मुरादाबाद
मो. : 9897067494
**अध्यक्ष महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम**-श्रीमती आराधना वाजपेयी
1/4 जवाहरगंज, हापुड़, फोन-0122-2311507, मो.: 98376877824
पाय. एल.सी. अरोड़ा
बी. 640/5 लाजपत नगर, मुरादाबाद, मो. : 9837075287
**राष्ट्रीय संयोजक यूथ पायनियर्स क्लब** - पाय. अरूण यादव
1590 शिवपुरी, हापुड़, मो. : 9837291373

**पायनियर्स क्लब रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड**
**अध्यक्ष** - पाय. डा. के.के. अग्रवाल
रानीखेत रोड, रामनगर (नैनीताल) मो. : 9837061482
**सचिव** - पाय. राकेश अग्रवाल
लोहारा लाइन, रामनगर (नैनीताल) मो. 9927051408
**उपाध्यक्ष** - पाय. संजीव शर्मा
पैंठ पड़ाव, रामनगर (नैनीताल) मो. : 9719327069
पाय. श्रीमती सुमन अग्रवाल C/o श्री राकेश अग्रवाल
बम्बाघेर, रामनगर (नैनीताल) मो. : 9837706140
**औषधालय प्रबन्धक** - पाय. मधुर किशोर अग्रवाल
हनुमान गढ़ी, कोसी, रामनगर (नैनीताल) मो. : 9897122482
**उपसचिव** - पाय. राजा चड्ढा, नन्दा लाइन, रामनगर (नैनीताल) मो. : 9410580545
**कोषाध्यक्ष इन्जीनियर**-एम.एस.नेगी, बजाजा लाइन, रामनगर,मो.:9837203193
**निदेशक** - डा. बी.सी. अग्रवाल
रानीखेत रोड, रामनगर (नैनीताल) मो. : 9897498844
पाय. राजेश मित्तल, पीरूमदारा, रामनगर (नैनीताल) मो. : 9837021411
पाय. विपिन अग्रवाल, कोसी रोड, रामनगर (नैनीताल) मो. : 9837448182
पाय. तनु चड्ढा, नन्दा लाइन, रामनगर (नैनीताल)
फोन : 05947-2522340, मो. : 9410580545
**प्रथम कार्यालय प्रतिनिधि**-पाय. बीडी पाण्डे-9411537351
डा. घनेश्वरी घिन्डियाल-9837077065, संजीव शर्मा-9719327069

**पायनियर्स क्लब मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश)**
**अध्यक्ष**-पाय. कमल प्रकाश S/o स्व. रामप्रकाश रस्तौगी, मण्डी चौक, मौ. गणेश स्ट्रीट, मुरादाबाद, मो. : 9219533743
**उपाध्यक्ष**-पाय. अंकुर रस्तौगी, वी.-44, गांधी नगर, मुरादाबाद
फोन : 0591-6534197, मो. : 9837149465
श्रीमती रूबी रस्तौगी
मौ. कानून गोयान, नियर प्रिंटिंग प्रेस, मुरादाबाद, मो. : 9258265424
**सचिव** - पाय. राजीव भारद्वाज
2/568 बुद्धि विहार, मुरादाबाद, मो0 : 9219750191
**उपसचिव** - पाय. अनिल गोयल, बी.1, गांधी नगर, मुरादाबाद, मो. : 9359700060
**निदेशक** - पाय. अंशुल शर्मा
4 बी.-364, बुद्धि विहार, मुरादाबाद, मो. : 9897067494
पाय. एमसी गुप्ता
ब्लॉक-ए, लाइन नम्बर-3, गोविन्दनगर, मुरादाबाद, मो. : 9412552564
पाय. मुकेश लालवानी
130 एम.आई.जी. रामगंगा विहार, कांठ रोड, मुरादाबाद
मो. : 9410828680
पाय. जे.के. बाली
99 आजाद नगर रेलवे हरथला कॉलोनी, मुरादाबाद, मो. : 9412635294

**पायनियर्स हापुड़ आस्था (उत्तर प्रदेश)**
**अध्यक्ष** - पाय. आशीष अग्रवाल
166/2, आर्य नगर, गढ़ रोड़, हापुड़, मो. : 9319566000
**सचिव**- पाय. लोकेश जिंदल
721 त्यागी नगर, निकट लाल कोठी, हापुड़, मो. : 9897064300
**कोषाध्यक्ष** - पाय. ललित गोयल
पक्का बाग, नई मण्डी, हापुड़
मो. : 9258742933

**पायनियर्स क्लब हापुड़ साहित्य कला मंच (उत्तर प्रदेश)**
**अध्यक्ष**-पाय. अविनाश बब्बर
अविनाश एग्रीकल्चर स्टोर्स, आर्य नगर, हापुड़, मो. : 9927862727
**उपाध्यक्ष**-पाय. विशन बाबू सक्सैना
रघुवीर गंज, हापुड़, मो.: 9719399309
पाय. सुनील कुमार शर्मा
122-न्यू आर्य नगर, हापुड़ गाजियाबाद, फोन : 0122-2301910
**सचिव** - पाय. महावीर वर्मा 'मधुर'
165-न्यू आर्य नगर, हापुड़, मो. : 9927862727
**कोषाध्यक्ष** - पाय. नरेन्द्र कुमार गर्ग
1348, न्यू शिवपुरी, हापुड़, मो. : 9456682408
**निदेशक** - पाय. डा. राजेश्वर सिंह
194 न्यू शिवपुरी, निकट भूमि विकास बैंक, हापुड़, मो. : 9897030471
पाय. अजय कुमार बंसल
मोदी अस्पताल के पीछे, स्वर्ग आश्रम रोड, हापुड़, मो.: 9837282497
पाय. सुनील कुमार अग्रवाल
मो. : 9910803180

*शेष पृष्ठ 4 पर...*

पृष्ठ 3 का शेष...

# 40 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी

**प्रधान कार्यालय प्रतिनिधि** - पाय. अनिल वाजपेयी
114 जवाहर गंज, हापुड़
**पायनियर्स क्लब कर्वी चित्रकूट (उत्तर प्रदेश)**
**अध्यक्ष** - पाय. डा. प्रबोध अग्रवाल
गीता क्लीनिक सेन्टर, फोरेस्ट बेरियर, इलाहाबाद रोड
कर्वी, चित्रकूट-210205, मो. : 9415172548
**उपाध्यक्ष** - पाय. प्रेमनरायण कंसौधन
नया बाजार कर्वी, चित्रकूट (उ.प्र.)
पाय. अरूण कुमार गुप्ता

**सचिव** - पाय. गोपी किशन अग्रवाल
सदर बाजार कर्वी, चित्रकूट-251205
**उपसचिव** - पाय. शारदा गुप्ता
गणेश प्रसाद देवीदीन क्लाथ मर्चेन्ट, कर्वी, चित्रकूट (उ.प्र.)
**कोषाध्यक्ष** - पाय. विनोद गुप्ता
आदर्श क्लॉथ स्टोर्स, नया बाजार, कर्वी, चित्रकूट-251205
**निदेशक** - पाय. केशव प्रसाद शिवहरे
शंकर बाजार कर्वी, चित्रकूट-251205, मो. : 9415437860
पाय. अजय अग्रवाल
अजय मेडिकल स्टोर्स, स्टेशन रोड, कर्वी, चित्रकूट
पाय. महेन्द्र केशरवानी
प्लाईवुड एजेन्सी, गणेश मार्केट, बस स्टेण्ड, कर्वी, चित्रकूट
**प्रधान कार्यालय प्रतिनिधि** - पाय. संजीव कुमार अग्रवाल
केवल किशोर ओंकार नाथ
क्लॉथ स्टोर्स, कर्वी, चित्रकूट-251205
**ऑडीटर** - पाय. संजय अग्रवाल (एडवोकेट)
**मार्शल** - पाय. हीरालाल सोनी
बलदाउ गंज, नया बाजार, कर्वी, चित्रकूट (उ0प्र0)
**प्रबन्धक एम्बुलेंस** - पाय. अतुल अग्रवाल
**पायनियर्स क्लब गाजियाबाद (उ0प्र0)**
**अध्यक्ष** - पाय. के.पी. सिंह (एडवोकेट)
बी. 12/35 राजनगर, गाजियाबाद-201002, मो. : 9810198281
**सचिव** - पाय. अरविन्द तोमर
381, सिविल कोर्ट, गाजियाबाद-201002, मो. : 9838757806
**कोषाध्यक्ष** - श्री नेपाल सिंह शिशोडिया
एडीजीसी, के.-14, नीतिनगर, एडवोकेट कालोनी, गाजियाबाद
मो. : 9810060392
**पायनियर्स क्लब दिल्ली**
**अध्यक्ष** - अशोक कुमार सर्राफ
306/307 बड़ा ठाकुरद्वारा, शहादरा, दिल्ली-32, मो. : 9810021122
**उपाध्यक्ष** - मदन गोपाल गुप्ता
338 अनाज मण्डी, शहादरा, दिल्ली-32, मो. : 9212634318
आलोक गुप्ता - 99118008978
**सचिव** - जय गोपाल गुप्ता
77 सी-9/1, गली नं. 4, मुकेश नगर, सरकुलर रोड, पुराना रामलीला मैदान, शहादरा, दिल्ली-32, मो. : 9810458736
**कोषाध्यक्ष** - राजकुमार गुप्ता
मो. : 9811244302
प्र. का. प्रतिनिधि - रमेश यादव
3-ए, झारखण्डी रोड, निकट झारखण्डी मन्दिर, चलाक बाजार, शहादरा, दिल्ली-32, मो. : 9810039183

**उपसचिव** - पाय. प्रवीन जैन, मो. : 9810815837
**निदेशक** - सतीश अग्रवाल
राकेश कुमार गुप्ता - 9811074642
राजीव गोयल - 9278251796
दीपक मंगल - 9312259531
विकास अग्रवाल - 98105590028
संजीव जैन - 9811472220
**पायनियर्स क्लब दिल्ली ईस्ट**
पाय. सुरेन्द्र गुप्ता
164, धोबीबाडा, फर्श बाजार, शहादरा, दिल्ली-32
मो. : 9810725160
**पायनियर्स क्लब पूना (महाराष्ट्र)**
अध्यक्ष - पाय. नमित महरोत्रा
डी-2-402, निशार्ग निर्मित, हैप्पी थोट्स के पीछे, पिम्पली सौदागर, पुने-411027, महाराष्ट्र, मो. : 989271000
सचिव-पाय. अमित सिंह ठाकुर
ई-306, रोहन तरंग, वाकड़, पूना (महाराष्ट्र), मो. : 9730026447
**पायनियर्स क्लब जबलपुर (मध्य प्रदेश)**
**अध्यक्ष** - पाय. संजय अग्रवाल
25111/2 पत्रकार कालोनी,रविताल चौक,जबलपुर, मो.: 982706488
**सचिव** - पाय. नीरज अग्रवाल
25111/2, पत्रकार कालोनी,रविताल चौक,जबलपुर,मो. : 924511450
**पायनियर्स क्लब लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश)**
**अध्यक्ष** - पाय. अतुल कुमार गुप्ता
अतुल मशीनरी स्टोर्स, मेन रोड, लखीमपुर खीरी (उ.प्र.)
**सचिव** - पाय. नीरा जायसवाल पत्नी श्री शैलजा जायसवाल
वैशाली इलैक्ट्रोनिक्स, मेन रोड, लखीमपुर खीरी (उ.प्र.)
**संयोजक (गढ़वाल) उत्तराखण्ड** - पाय. शीषपाल सिंह रावत
नैनीडाण्डा, वाया-धूमाकोट, पौड़ी गढ़वाल, मो. : 9410062614
**काशीपुर (उत्तराखण्ड)** - पाय. राजीव कपूर
न्यू जनरल सप्लाई एजेन्सीज, बाजपुर रोड, काशीपुर
(ऊ.सिं.नगर) मो. : 9358423801
**आगरा (उत्तर प्रदेश)** - पाय. राजीव महाजन
ई-39, न्यू आगरा, आगरा-5, मो. : 9837074001
**कानपुर (उत्तर प्रदेश)** - पाय. ग्रीष कुमार त्रिपाठी
127/258, यू ब्लॉक, निराला नगर, कानपुर-14
मो. : 0512-2261473
**जबलपुर (म.प्र.)** - पाय. वीरेन्द्र दुबे
9-ब्रह्मपुरी हाउसिंग सोसाइटी, एम जी स्कूल के पीछे, जबलपुर (म.प्र.)
**बिजनौर (उत्तर प्रदेश)** - पाय. मोधवीर सिंह
गोलगंज, नगीना, बिजनौर
**भुवनेश्वर (उड़ीसा)** - एस.के. ससमल
डायरेक्टर एस कन्सैन्टैन्सी, एन.वी. टावर, भुवनेश्वर
**कलकत्ता** - पाय. गौरमोहन कपूर
सदरसन इण्डस्ट्रीज प्रा. लि., 240 बी, एजेन्सी रोड, कलकत्ता-70020
**चन्दोसी (उत्तर प्रदेश)** - पाय. अंजनी गोयल - 9358437684
फरूखाबादी बाजार, आर्य ट्रेडिंग कम्पनी, चन्दौसी, मुरादाबाद
**दुबई** - कपिल मेहरोत्रा, पो.बॉक्स 11379, यूएई (दुबई)
**लन्दन**-पाय. मनोज अग्रवाल
यू.के. साफ्टिक ग्लोबल हाउस, लंदन रोड
एलबोराइन, बी.एन., 6-09, लंदन, मो. : +441273276563

# इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब की 40वीं राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न




मंचासीन बंद सम्मेलन को सम्बोधित करते राष्ट्रीय सचिव रा0 अध्यक्ष केशव शिवहरे, महासचिव संतोष मेहरोत्रा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वी.डी पाण्डेय




शिक्षामंत्री को माल्यापर्ण करते संस्थापक श्री संतोष मेहरोत्रा



शिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह बिष्ट जी का माल्यापर्ण करते नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. एल.सी. अरोरा



40वां राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते विभिन्न शाखाओं के प्रतिनिधि




40वां सम्मेलन में भाग लेते विभिन्न शाखाओं के प्रतिनिधि



राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केशव प्रसाद शिवहरे तथा महासचिव संतोष मेहरोत्रा को माल्यापर्ण करते पूर्व अध्यक्ष श्री अरविन्द सिंघल



कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक एवं संसदीय सचिव श्री दीवान सिंह बिष्ट को माल्यापर्ण करते संस्थापक श्री संतोष मेहरोत्रा तथा मेहरोत्रा का माल्यापर्ण करते श्री दीवान सिंह बिष्ट



अधिवेशन को सम्बोधित करते संस्थापक एवं महासचिव श्री संतोष मेहरोत्रा

# इतिहास के पृष्ठ



अधिवेशन के उपरान्त संस्थापक संतोष मेहरोत्रा एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बी.डी.पाण्डेय के साथ चाय पीते राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एल.सी.अरोरा




सर्वश्रेष्ठ शाखा का पुरस्कार पायनियर्स क्लब चित्रकूट के पदाधिकारियों को प्रदान करते शिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह बिष्ट



सर्वाधिक क्रियाशील शाखा का पुरस्कार मुरादाबाद शाखा को प्रदान करते उत्तराखण्ड के शिक्षा मंत्री पाय. गोविन्द सिंह बिष्ट, विधायक मा. दीवान सिंह बिष्ट व भाजपा नगर अध्यक्ष श्री मदन माहेश्वरी




निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केशव शिवहरे को स्मृति चिन्ह प्रदान करते उत्तराखण्ड के शिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह बिष्ट




नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एलसी अरोरा निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण के उपरान्त अपने साथियों के साथ प्रसन्न मुद्रा में



नगर के लोकप्रिय विधायक श्री दीवान सिंह बिष्ट को लैपिन लगाते हुए पायनियर्स क्लब रामनगर के अध्यक्ष डा. के. के. अग्रवाल



शिक्षा मंत्री पायनियर क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केशव प्रसाद शिवहरे व संस्थापक संतोष मेहरोत्रा से विचार विमर्श करते हुए।



मुरादाबाद पायनियर क्लब के सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एल.सी. अरोरा के साथ

## भारत का अन्तर्राष्ट्रीय क्लब

## प्रत्येक नगर में इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब स्थापित करें

विश्व बन्धुत्व, वसुधैव कुटुम्बकम् के अन्तर्गत नेतृत्व के उचित अवसर पारिवारिक मनोरजंन फैलोशिप, निःस्वार्थ समाज सेवा

**सम्पर्क करें :**

पाय. संतोष मेहरोत्रा, रामनगर-9897122394, पाय. केशव शिवहरे, चित्रकूट-9415437860, पाय. के.पी. सिंह गाजियाबाद-9810198281, पाय. कर्मवीर तायल, दिल्ली-9811740940, पाय. एलसी अरोडा, मुरादाबाद-9319747969, पाय. अरूण यादव, हापुडत्र-9837291373, पाय. संजय अग्रवाल, जबलपुर (म.प्र.) -9827064888, पाय. शीशपाल सिंह रावत, गढ़वाल-9410072614, पाय. अंजनी गोयल, चंदौसी-9358437684, पाय. अतुल कपूर, शाहजहांपुर-9415070285, डा. राजेश गौतम, चन्द्रपुर (महाराष्ट्र) -9822565972, पाय. फिरासत हुसैन, काशीपुर-9412464908, पाय. केपी अरोडा, उदयपुर-9414128201, पाय. कृपाल सिंह सहारा, जलंधर-9286157110, पाय. नरेश गुप्ता, हरिद्वार-9359932685, पाय. जोधवीर सिंह, नगीना-9927011815, पाय. एससी खन्ना, रामपुर-9359732691, पाय. आरके बिश्नोई, कानपुर-9415133310 पाय. नमित मेहरोत्रा, पुना (महाराष्ट्र)-989271000

रजि0 संख्या-1237 स्थापित 1968 ☎: 05947-252841 मो0 : 9897122394

## इन्टरनेशनल पायनियर्स

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com

**website : www.internationalpioneers.com**

राष्ट्रीय कार्यालय : रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड




निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केशव प्रसाद शिवहरे चित्रकूट पायनियर क्लब के साथियों के साथ

## आभार

पायनियर श्री संतोष कुमार मेहरोत्रा जी,
सादर प्रणाम।

दिनांक 4.10.2009 के इण्टरनेशनल पायनियर्स के 40वें राष्ट्रीय अधिवेशन के सफलतापूर्ण सम्पन्न होने पर मेरी व मेरे क्लब के प्रत्येक सदस्य की ओर से आपको व आपके प्रधान कार्यालय के सदस्यों को तथा पायनियर्स की स्थानीय शाखा के प्रत्येक सदस्य को कोटि-कोटि बधाईयाँ।

आपके स्थानीय क्लब के सदस्यों में उक्त अधिवेशन को भलीभांति सम्पन्न कराने हेतु एकता, भाईचारे तथा दूरदर्शिता का अद्‌भुत संगम देखने को मिला। इन सदस्यों ने बाहर से आये सदस्यों की आव भगत में कोई कमी नहीं छोड़ी। उनका यह कार्य बेहद सराहनीय है और इसकी मैं व मेरे क्लब के सचिव श्री अरविंद तोमर एडवोकेट भूरी-भूरी प्रशंसा करते हैं। बाहरी सदस्य को प्रातः 4 बजे उठकर स्टेशन से लेने पहुंचना, उनके रूकने की व्यवस्था स्वच्छ व हवादार कमरों में करना, नाश्ते की अत्यन्त ही उत्तम व्यवस्था तथा भिन्न-भिन्न व्यंजनों की उपलब्धता को प्रत्येक सदस्य ने सराहा है। व्यवस्था में लगे सदस्यों का व्यवहार अत्यन्त ही मृदुभाषी था। अधिवेशन का स्थल व अन्य व्यवस्थायें भी उच्चकोटि की थी। मौसम रमणीक हो जाने के कारण अधिवेशन स्थल एक सुंदर घाटी के रूप में बादलों के आच्छिद रहते मनोरम दशा में प्रतीत हो रहा था। सदस्यों को अधिवेशन स्थल पर ले जाने हेतु समुचित वाहनों की व्यवस्था ने दूरी को नगण्य कर दिया। सदस्यों के पायनरिस्म को आगे बढ़ाने हेतु तथा अपने से कम व उपेक्षित व्यक्तियों के उत्थान हेतु विचार एवं सुझाव भी अत्यन्त सौहादर्यपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुये।

अधिवेशन के पश्चात् रात्रिभोज के आयोजन के बाद स्टेशन तक पहुंचाने की प्रक्रिया भी सदस्यों की धैर्यता एवं कार्यक्षमता को प्रदर्शित करती है। आपके द्वारा रात्रि में भी लौटे सदस्यों की कुशलक्षेम पूछना आपके अनेक गुणों में एक अच्छे व्यवहार का द्योतक है। मेरे पास आपके प्रति तथा आपके क्लब के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करने हेतु प्रर्याप्त शब्द नहीं है। विशेषकर पाय. राकेश अग्रवाल, पाय. डा.के.के. अग्रवाल, पाय. संजीव शर्मा, पाय. बीडी पांडे, पाय. राजा चड्ढा, पाय. मधु, पाय. डा. अनुराग कुमार जिन्होंने प्रातः 4 बजे से लेकर रात्रि के दस बजे तक एक क्षण को भी हमें अकेलेपन का अहसास नहीं होने दिया।

अत्यधिक वर्षा हो जाने के कारण गर्जिया देवी के दर्शन नहीं हो सके इसकी पीड़ा मन में थी। लेकिन घर आकर जब रजिस्ट्रेशन के समय दी गई किट को खोला तो उसमें उनके चित्र को खूबसूरती से मैटल प्लेट में लगा देखकर हो रही पीड़ा की अनुभूति भी कुछ कम हो गयी। आपके द्वारा सम्पन्न कराये गये अधिवेशन की चित्रकूट में कुछ बरसों पहले हुये अधिवेशन की स्मृति के समान ही चिरंजीवी बनी रहेंगी। माता देवी गर्जिया से यह प्रार्थना है कि वह आपके क्लब के प्रत्येक सदस्य पर विशेष अनुकम्पा बनाये रखे। शीघ्र ही दीवाली का पर्व भी आ रहा है। प्रत्येक सदस्य की दीपावली आनन्दमयी हो और आने वाले नववर्ष में हम सब के जीवन में नई स्फूर्ति एवं ऊर्जा का संचार हो। इन इच्छाओं के साथ मैं यह पत्र समाप्त कर रहा हूं। यद्यपि लिखना तो अभी बहुत कुछ चाहता था। अन्त में नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. एल.सी.अरोड़ा व उनके सहयोगी सदस्यगण तथा उनकी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रत्येक सदस्य को भी हमारी हार्दिक शुभकामनायें 'चेतना' के माध्यम से अवश्य पहुंचा देवें। आपके परिवार की कुशल कामना करता हूँ एवं श्रीमती मेहरोत्रा को मेरा नमन भी पहुंचा दें।

***पाय.के.पी.सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, इण्टरनेशनल पायनियर्स***
***मो. : 9810198281***



सभी सदस्यों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाऐं!

सदस्यों व पदाधिकारियों का जितना अधिक सहयोग मिलेगा पायनियरवाद का उतना अधिक विस्तार होगा।

डा. धनेश्वरी घिल्डियाल, राष्ट्रीय महासचिव, मो. : 9837077065

दिनांक :18 अक्टूबर 2009
समाचार पत्र पंजीयन सं0 पं0 सं0 56806/83,
डाक पंजीयन UA/NTL01/08/2009 से 2011

# इन्टरनेशनल पायनियर्स

नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड
सोसायटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या-1237/1971-72

## राष्ट्रीय अध्यक्ष एल.सी. अरोरा का उद्बोधन



प्रिय पायनियर बन्धुगण,

सर्वप्रथम में आपके तथा आपके परिवार के लिए दीपावली एवं नववर्ष की शुभकामनायें देना चाहता हूं, साथ ही ईश्वर से प्रार्थना है कि वह आपको हर प्रकार से सदैव स्वस्थ्य एवं सुखी रखें।

आप लोगों ने जो मुझमें विश्वास व्यक्त करते हुए सत्र 2009-10 के लिए मुझे निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है, उसके लिए में हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ तथा विश्वास दिलाता हूं कि आपने जो मुझे दायित्व सौंपा है, मैं उस पर पूर्ण रूप से खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

मेरे प्रयासों को तभी साकार रूप मिल सकेगा, जब आपका मुझे पूर्ण सहयोग मिलेगा, ऐसी मैं आपसे भी आशा करता हूं।

मैं विशेष रूप से अपने सभी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों एवं पूर्व महासचिवों से भी मार्गदर्शन व सहयोग की कामना रखता हूं क्योंकि इन दायित्वों को संभालने का मुझे तथा श्रीमती घिल्डियाल जी (रा. महासचिव) को पूर्ण अनुभव नहीं है। इस सत्र के सफल बनाने हेतु मैंने दिनांक 4.10.2009 को रामनगर में सम्पन्न हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में अपने सम्बोधन में कुछ घोषणायें की थी उन्हें पुन: आप सभी तक पहुंचाना चाहता हूं।

1. प्रत्येक नई शाखा खोलने वाले सदस्य/पदाधिकारी को एक प्रशस्ति पत्र एवं एक मोमेण्टो या चांदी का सिक्का मेरी ओर से दिया जायेगा।
2. किसी भी वर्तमान शाखा द्वारा 5 नये सदस्य बनाने पर एक प्रशस्ति पत्र एवं मोमेण्टो दिया जायेगा।
3. प्रत्येक तिमाही में अलग-अलग शाखाओं पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सभा आयोजित की जायेगी, जिसमें सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति आवश्यक होगी।
4. प्रत्येक शाखा द्वारा अधिक से अधिक प्रोजेक्ट किये जायें एवं प्रत्येक माह में एक पारिवारिक बैठक अवश्य आयोजित की जाये तथा उसकी रिपोर्ट फोटो सहित पाय. संतोष मेहरोत्रा एवं मुझे प्रेषित किये जायें।
5. सभी जोनल चेयरमैन को अपने-अपने जोन का दौरा करना आवश्यक होगा।

पुन: इस आशा एवं विश्वास के साथ कि आप लोगों का सहयोग एवं अमूल्य सुझाव मुझे मिलते रहेगें।

पायनियर अभिवादन के साथ।

*एल.सी. अरोरा (राष्ट्रीय अध्यक्ष) मो. : 9319747969*

## जाम में फंसे शिक्षा राज्यमंत्री